X1S96F8

# संकलित परीक्षा - II (2014-2015)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा - X

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ**।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश : दीजिए।

## खंड - क

## ( अपठित बोध )

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x6)** 12

सही नेता वही होता है, जो दृढप्रतिज्ञ हो, निश्चयवान् हो। कन्ज्यूशियस ने कहा है, ''जो ठीक मार्ग पर दृढ़ निश्चय से चले, वही नेता होता है। केवल दृढ़ निश्चय होना ही पर्याप्त नहीं, मार्ग का औचित्य भी परमावश्यक होता है।'' ढ़ीलाढाला कोमल स्वभाव, सज्जन व्यक्ति नेता नहीं बन सकता। अब्राहम लिंकन सदा ही जोर देकर यह कहा करता था कि नेता के लिए 'दृढ़ता' एक अनिवार्य गुण है। सन् 1863 में नेता के बारे में उसने अपने भाषण के दौरान कहा था, ''वह किसी से द्वेष न करता हो, सबके प्रति दया भाव रखता हो, सही मार्ग पर स्थिर और अटल हो।''

नेतृत्व के अनिवार्य गुणों का अनुसंधान करते हुए मनोवैज्ञानिक इस परिणाम पर पहुँचे हैं कि प्रभावशाली नेता वही हो सकता है जो 'नहीं' कह सके-जिसमें इतना साहस हो कि जब वह 'नहीं' कहना चाहता हो तो स्पष्ट नहीं कह सके। एक सुसंगठित व्यक्तित्व की यह पहचान है कि वह स्पष्ट 'नहीं' कहना जानता है। बहुत लोग 'नहीं' कहना जानते ही नहीं, क्योंकि वे इतने लोगों को निराश रखने का साहस नहीं रखते। परंतु अनुसंधानकर्ताओं को इस तथ्य का ज्ञान हुआ है कि वह एक भ्रम है। 'नहीं' कहने वाले उतने लोगों को असंतुष्ट या नाराज नहीं करता जितना वह जो हर एक को 'हाँ', 'हाँ' करता है, परंतु काम किसी का भी नहीं करता।

त्वरित निश्चय की शक्ति, अपना रोब-दाव जमाने की ताकत, नियम और क्रम की व्यवस्था, अनुयायियों को प्रेरित करने की कला, चुंबकीय आकर्षण-ये हैं मुज़्य गुण, जिनसे व्यक्ति सही अर्थों में नेता बन जाता है।

(1) वे मुज़्य गुण कौन-कौन से हैं जिनसे व्यक्ति सही अर्थों में नेता बनता है?

(2) मनोवैज्ञानिकों के अनुसार प्रभावशाली नेता कौन हो सकता है? क्यों?

(3) कन्ज्यूशियस के अनुसार नेता का क्या लक्षण है?

(4) 'नहीं' कहने वाला उतने लोगों को नाराज नहीं करता जितना 'हाँ' कहने वाला-स्पष्ट कीजिए।

(5) सुसंगठित व्यक्तित्व की क्या पहचान है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (6) 'परमावश्यक' तथा 'सज्जन' का संधि विच्छेद कीजिए | |
| 2 | | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (2x4)**<br><br>जी हाँ हुज़ूर, मैं गीत बेचता हूँ।<br>मैं तरह-तरह के गीत बेचता हूँ,<br>मैं किसिम-किसिम के गीत<br>बेचता हूँ।<br><br>जी माल देखिये दाम बताऊँगा,<br>बेकाम नहीं है, काम बताऊँगा;<br>कुछ गीत लिखे हैं मस्ती में मैंने,<br>कुछ गीत लिखे हैं पस्ती में मैने ;<br>यह गीत, सख़्त सरदर्द भुलायेगा।<br>यह गीत पिया को पास बुलायेगा।<br>जी, पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको<br>पर पीछे-पीछे अक़्ल जगी मुझको ;<br>जी, लोगों ने तो बेच दिये ईमान।<br>जी, आप न हों सुनकर ज़्यादा हैरान।<br>मैं सोच-समझकर आखिर<br>अपने गीत बेचता हूँ;<br>जी हाँ, हूज़ूर मैं गीत बेचता हूँ। | 8 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | यह गीत सुबह का है, जाकर देखें ;<br><br>यह गीत गज़ब का है, ढाकर देखें ;<br><br>यह गीत ज़रा सूने में लिक्खा था,<br><br>यह गीत वहाँ पूने में लिक्खा था।<br><br>यह गीत पहाड़ी पर चढ़ जाता है ;<br><br>यह गीत बढ़ाये से बढ़ जाता है,<br><br>यह गीत भूख और प्यास भगाता है<br><br>जी, यह मसान में भूत जगाता है ;<br><br>(1) काव्यांश में रचनाकार ने अपनी बात कहकर कैसे युग की बात कही है?<br><br>(2) रचनाकार ने अपने कैसे गीतों की चर्चा की है?<br><br>(3) कवि ने अपने गीत बेचने की बात कहकर किन लोगों पर व्यंग्य किया है?<br><br>(4) कवि के पास विक्रय हेतु कुछ गीतों का क्या प्रभाव बताया गया है? | |
| | | **खंड - ख**<br><br>**( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| | 3 | निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -<br>(क) मिश्र वाक्य में बदलिए-<br>मैंने एक दुबले - पतले व्यक्ति को भीख माँगते देखा।<br>(ख) संयुक्त वाक्य में बदलिए-<br>परिश्रमी होने के कारण राम कक्षा में प्रथम आता है।<br>(ग) रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताइए-<br>जैसे ही मैंने स्वादिष्ट पकवान देखा , मेरे मुँह में पानी आ गया। | 3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 4 | निज़्लिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए–<br><br>(i) कृपया उधर नहीं देखो।<br><br>(ii) सड़क में मत चलो।<br><br>(iii) मेरे को जाने दो।<br><br>(iv) बाजार से मधुर और मीठे फल ले आओ। | 4 |
| 5 | (क) 'अनुरूप' किस समास का उदाहरण है?<br><br>(ख) द्वन्द्व समास में प्राय: किस शब्द का लोप होता है?<br><br>(ग) 'पंजाब' का समास विग्रह कीजिए।<br><br>(घ) 'न आदर' का सामासिक पद लिखिए। | 4 |
| 6 | रेखांकित पदों का नाम लिखिए।<br>(1) वह **दूध** पी रहा है।<br>(2) मीरा **प्रसिद्ध** नृत्यांगना है। | 2 |
| 7 | (क) 'चार चाँद लगाना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।<br>(ख) ''श्रीगणेश करना'' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 2 |
| | **खंड – ग**<br><br>**( पाठ्यपुस्तक )** | |
| | **निज़्लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** | |
| 8(i) | 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर बताइए कि वर्तमान में जीवन कैसा होकर रह गया है ? | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8(ii) | रॉबिनहुड कौन था? कर्नल को रॉबिनहुड की याद किसे देखकर आती थी और क्यों? 'कारतूस' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| 8(iii) | जनरल साहब को बावर्ची ने कुत्ते के बारे में क्या बताया? | 1 |
| 9 | आदर्शवादी लोगों ने समाज के लिए क्या-क्या किया है ? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए। | 5 |
| 10 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —(2+2+1)**<br><br>**कर्नल** – जंगल की ज़िंदगी बड़ी खतरनाक होती है।<br><br>**लेफ़्टीनेंट**– हफ़्तों हो गए यहाँ खेमा डाले हुए। सिपाही भी तंग आ गए हैं। ये वज़ीर अली आदमी है या भूत, हाथ ही नहीं लगता।<br><br>**कर्नल** – उसके अफ़साने सुन के रॉबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं। अंग्रेज़ों के खिलाफ़ उसके दिल में किस कदर नफ़रत है। कोई पाँच महीने हुकूमत की होगी। मगर इस पाँच महीने में वो अवध के दरबार को अंग्रेज़ी असर से बिलकुल पाक कर देने में तकरीबन कामयाब हो गया था।<br><br>(1) कर्नल को जंगल की ज़िन्दगी खतरनाक क्यों लगती है?<br><br>(2) रॉबिनहुड कौन था? उसकी तुलना वज़ीर अली से क्यों की गई है?<br><br>(3) वज़ीर अली के अंग्रेज़ों से कैसे संबंध थे? | 5 |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** | |
| 11(i) | महादेवी जी अपने जीवन के हर अणु को क्यों गला डालना चाहती हैं? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 11(ii) | विपत्ति आने पर 'आत्मत्राण' कविता में क्या आकांक्षा की गई है? | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 11(iii) | 'मनुष्यता' कविता का मुज़्य भाव क्या है? | 1 |
| | 12 | 'कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर बताइए कि मरते समय सैनिक क्या-क्या इच्छाएँ प्रकट करता है ? | 5 |
| | 13 | लेखक के माँ-बाप बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करते थे? आज के वातावरण के माँ-बाप का बच्चों के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए? | 5 |
| | | **खंड - घ**<br>**( लेखन )** | |
| | | **दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निज़्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** | |
| | 14(i) | **मेरा गाँव**<br>• गाँव का जीवन<br>• स्वस्थ वातावरण<br>• दिखावे से परे | 5 |
| | 14(ii) | **आधुनिक शिक्षा और रोजगार :**<br>• शिक्षा का व्यवसायीकरण<br>• रोजगार के अवसर<br>• नैतिक मूल्य | 5 |
| | 14(iii) | **सुसंगति सब सुखों का मूल :** | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • सत्संगति का अभिप्राय<br>• सुसंगति और कुसंगति के अच्छे बुरे परिणाम<br>• कुसंगति को छोड़ने के उपाय | |
| | 15 | आप अपने विद्यालय में सर्वशिक्षा अभियान के प्रोत्साहन हेतु शिक्षा केंद्र की व्यवस्था करवाना चाहते हैं। इसकी अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखिए। | 5 |
| | 16 | होली के अवसर पर सभी छात्रों को रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर एवं गुलाब लेकर, सज़्य तरीके से होली खेलने विद्यालय आना है। इस आशय की लगभग (20-30) शब्दों में एक सूचना लिखिए। | 5 |
| | 17 | महात्मा गाँधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के बारे में दो नागरिकों के बीच संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 18 | हिन्दी की छठवीं-सातवी-आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नई पुस्तक विशेष हिन्दी व्याकरण बाजार में आई है। एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (अधिकाधिक 20-25 शब्दों में) | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0o- | |